कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
O/o THE CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010
दूरभाष: 011-25665784, फैक्स: 011-25674806, ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

**राजभाषा अनुभाग**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 06 जुलाई, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2022 को समाप्त तिमाही की बैठक 06 जुलाई, 2022 को 03:00 बजे श्री अविनाश दीक्षित, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री प्रवीण कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक व श्री संजय वर्मा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक के साथ निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री अजय सेठ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा समन्वय) |
| 2. | श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन-VIII) |
| 3. | श्री निहार रंजन, लेखा अधिकारी (ए.वि.स.) |
| 4. | श्री प्रदीप कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशासन-II) |
| 5. | श्री शिव मोहन, लेखा अधिकारी (शिकायत कक्ष) |
| 6. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी (पेंशन) |
| 7. | श्री मनोरंजन तिवारी, लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) |
| 8. | श्रीमती रोज़लिन टिग्गा, लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा-I) |
| 9. | श्री अनिमेष श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी (सू.प्रौ.प्र.) |
| 10. | श्री गिरिजेश कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशिक्षण) |
| 11. | श्री आत्म प्रकाश, लेखा अधिकारी (लेखा परीक्षा-II) |
| 12. | श्री कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव (राजभाषा) |
| 13. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 14. | श्रीमती रुचिता सहाय ,वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 15. | श्रीमति वाइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16. | श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 17. | श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 31 मार्च, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 31 मार्च, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

(क) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये थे कि क्लिष्ट हिंदी भाषा का प्रयोग ना करें और जहाँ तक संभव हो कार्यालयीन भाषा का सरलीकरण किया जाए ताकि सहजता से कार्य निष्पादित हो सके और सभी संबंधितों को कार्य की सार्थकता का बोध कराया जा सके। इसके उदाहरण में उन्होंने वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट से संबंधित कार्यालय टिप्पणी तथा इस प्रकार के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों को सरल हिंदी में प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

(i) इस विषय में विभिन्न अनुभागों से प्राप्त विषय-वस्तु के अनुवाद और नेमी प्रकृति के कार्यों के अतिरिक्त राजभाषा अनुभाग द्वारा पेंशन अनुभाग के "स्पर्श" पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं का अनुवाद किया गया।

(ii) रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक महोदय ने यह निर्देश दिया की रक्षा मंत्रालय से स्पर्श पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं को द्विभाषी करने के उपरांत रक्षा मंत्रालय के द्वारा इस Portal को Launch कराया जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव ने सूचित किया कि स्पर्श पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं का अनुवाद करके संबंधित अनुभाग (पेंशन स्कंध) को दे दिया गया है।

अतः अध्यक्ष महोदय ने आगे की कार्रवाई हेतु पेंशन स्कंध को निर्देश दिया।

**[कार्रवाई : पेंशन स्कंध]**

(ख) अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि क्या कार्यालय के सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा है?

इस संदर्भ में यह अवगत कराया गया कि कार्यालय के सभी कंप्यूटरों पर यूनिकोड में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है तथा आवश्यकता अनुसार जिन कंप्यूटरों पर हिन्दी में काम करने की सुविधा नहीं है वहां यूनिकोड सक्रिय कर दिया जाता है।

**मद सं. 3: दिसम्बर, 2021 तथा मार्च, 2022 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने दिसम्बर, 2021 तथा मार्च, 2022 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि चूंकि यह कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है, अतः निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हिंदी में पत्राचार होना चाहिए जिससे कि राजभाषा को बढ़ावा दिया जा सके।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

मुख्यालय में तैनात 26 लिपिकों में से 09 लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान है। फरवरी सत्र में पत्राचार द्वारा 2 लिपिक राजभाषा अनुभाग में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अगस्त से आरंभ होने वाले सत्र के लिए 06 कार्मिकों को नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यह आंकड़ा बहुत कम है तथा इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

इस संबंध में सदस्य सचिव ने सूचित किया कि केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उपलब्ध स्लाट के अनुसार कार्यालय के कार्मिकों को नामित किया जा रहा है। भविष्य में केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान से अनुरोध कर सभी शेष कार्मिकों के लिए स्लाट उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

**मद सं. 5 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 4 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 70 | - |

(क) सहायक निदेशक (राजभाषा) की पदोन्नति से संबंधित डीपीसी प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के माध्यम से यूपीएससी को भेजा गया था। इस संबंध में संबंधित अनुभाग ने सूचित किया है कि यूपीएससी ने उक्त प्रस्ताव को इस टिप्पणी के साथ वापस कर दिया है कि पहले deemed abolished पदों का revival कराया जाए। अतः revival हेतु प्रस्ताव प्रशासन- VIII को दिया जा चुका है।

(ख) इसके अतिरिक्त संबंधित अनुभाग (प्रशासन अनुभाग –II) ने सूचित किया कि पदोन्नति में Deputation संबंधी Proposal DoPT को भेजा गया था वह भी इस टिप्पणी के साथ वापस आ गया है कि पहले deemed abolished पदों का revival कराया जाए। अतः revival हेतु प्रस्ताव प्रशासन-8 को दिया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदय ने शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया ताकि सहा. नि. (राजभाषा) की शीघ्र पदोन्नति की जा सके। संबंधित अनुभाग के प्रभारी अधिकारी ने समिति को यह आश्वासन दिया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद इस सप्ताहांत तक यह पुनः रक्षा मंत्रालय को भेज दिया जायेगा।

(ग) रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की संवर्ग समीक्षा एवं हिंदी पदों के सृजन हेतु प्रशासन अनुभाग -VIII द्वारा प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय भेजा गया था।

इस संबंध में संबंधित अनुभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया की रक्षा मंत्रालय द्वारा ग्रुप 'बी' एवं 'सी' के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था। स्पष्टीकरण देते हुए प्रस्ताव पुनः अनुमोदनार्थ रक्षा मंत्रालय को भेज दिया गया है।

**[कार्रवाई : प्रशासन-VIII(स्थानीय)]**

**मद सं .6 : मुख्यालय द्वारा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण:**

मुख्यालय द्वारा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक और नियंत्रक कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण से संबंधित वर्ष 2022-23 का वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया जा चुका है तथा इसे शीघ्र ही सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

कुमार सत्यप्रिय 11/07

**(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)**

**लेखा अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)**